Nai Dunia (Indore), 04th April 2024, Nai Dunia City, Page - I




एमओयू के लिए ताइवान का दल देअविवि पहुंचा। सौ. डीएवीवी

# भारत में मंदारिन सिखाएंगे आइआइटी व विश्वविद्यालय

**ताइपेई इकोनामी एवं कल्चरल सेंटर इन इंडिया के साथ हुआ समझौता**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने संयुक्त रूप से एजुकेशन डिविजन, ताइपेई इकोनामी एवं कल्चरल सेंटर इन इंडिया के साथ एमओयू किया है। यह समझौता भारत में मंदारिन भाषा के शिक्षण के लिए किया गया है। इस समझौते के दौरान भारत में पदस्थ ताइवान के राजदूत बौश्यूएं गेर उपस्थित रहे।



देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी।



आइआइटी इंदौर।

एमओयू के बाद ताइवान के दल ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खंडवा रोड स्थित ईएमआरसी विभाग का भ्रमण किया। साथ ही कुलपति प्रो. रेणु जैन, कुलसचिव डा. अजय वर्मा तथा अन्य विभागाध्यक्षों से दोनों देशों के बीच शैक्षणिक सहयोग पर चर्चा की।

बता दें कि पिछले महीने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधि मंडल ताइवान में स्थित शैक्षणिक संस्थानों के भ्रमण पर गया था। उस दौरान भी इस समझौते की पृष्ठभूमि तैयार करने को लेकर चर्चा हुई थी।